समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# HSRP नंबर प्लेट के लिए तीसरी बार बढ़ी डेडलाइन, अब 15 अगस्त तक आखिरी मौका।

Publisher

Published on 21 Jun 2025




## 2019 से पहले खरीदे गए पुराने वाहनों पर HSRP नंबर प्लेट लगाना अब 15 अगस्त 2025 तक अनिवार्य, सरकार ने दी अंतिम चेतावनी।

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने एक बार फिर पुराने वाहनों पर **HSRP (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट)** लगाने की समयसीमा बढ़ा दी है। यह तीसरी बार है जब समयसीमा को आगे बढ़ाया गया है और अब यह **15 अगस्त 2025** तक कर दी गई है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अंतिम डेडलाइन होगी, इसके बाद बिना **HSRP नंबर प्लेट** वाले वाहनों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**क्यों दी गई फिर से मोहलत ?**

पहले अंतिम तिथि 30 मार्च तय की गई थी, जिसे 30 अप्रैल और फिर तीसरी बार 15 अगस्त तक बढ़ाया गया। परिवहन विभाग के अनुसार:

१. **हर दिन लगभग 3.16 लाख वाहनों को HSRP लगवाने की आवश्यकता है।**

२. **कई आरटीओ केंद्रों पर 1 से 2 महीने की वेटिंग लिस्ट है।**

३. **मुंबई, पुणे और ग्रामीण इलाकों मे अंब भी बड़ी संख्या मे वाहन बिना HSRP के चल रहे है।**

४. **सरकार ने तीन कंपनियों को HSRP लगाने के लिए टेंडर दिए है और अभियान तेज करने के निर्देश भी दिए गए है।**

**अगर तय समय मे नंहीं लगवाई प्लेट तो क्या होगा ?**

परिवहन विभाग के अनुसार, **1 अप्रैल 2019 से पहले रजिस्टर्ड सभी दोपहिया, तीनपहिया** और **चारपहिया वाहनों को HSRP नंबर प्लेट** लगाना अनिवार्य है। तय तिथि के बाद:

१. **नियम उल्लंघन पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा।**

२. **वाहन जब्त भी किया जा सकता है।**

३. **यह आदेश केद्रं सरकार के सड़क सुरक्षा और वाहन चोरी रोकने के उद्देश्यों के तहत लागू किया गया है।**

**HSRP नंबर प्लेट है क्या ?**

**HSRP (High Security Registration Plate)** एक खास प्रकार की **रजिस्ट्रेशन प्लेट** है, जो वाहन की पहचान को सुरक्षित और नकली प्लेटों को रोकने के लिए बनाई गई है। इसमें:

१. **क्रोमियम बेस हॉट स्टैम्पिंग**

२. **यूनिक लेजर कोड**

३. **नॉन-रिमूवेबल रिवेट्स**

४. **यह तकनीक वाहन चोरी रोकने और रजिस्ट्रेशन ट्रैकिंग के लिए बेहद उपयोगी है।**

**कितना है HSRP का शुल्क ? (राज्यवार तुलना)**

| **वाहन प्रकार** | **महाराष्ट्र मे दंर** | **अन्य राज्यों मे दंर** |
|---|---|---|
| दोपहिया | ₹450 | ₹420–₹480 |
| तीनपहिया | ₹500 | ₹450–₹550 |
| चारपहिया | ₹745 (GST अलग) | ₹690–₹800 |

**सरकार की अपील : देरी न करे, ंजल्द लगवाएं HSRP**

परिवहन विभाग ने वाहनधारकों से अपील की है कि वे **15 अगस्त 2025** से पहले **HSRP प्लेट** अवश्य लगवा लें ताकि **जुर्माना या कार्रवाई** से बचा जा सके और **वाहन सुरक्षा** को भी मजबूत किया जा सके।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.